राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के...
3 बाढ़ से पीड़ित परिवार के सदस्यों की हर संभव...
4 कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने जींद रोड से संधू...

वर्ष: 9 | अंक: 281 | दिल्ली, सोमवार, 4 अगस्त 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर एयरपोर्ट पर 9 किलो अतिरिक्त सामान को लेकर बवाल

**श्रीनगर (एजेन्सी)।** श्रीनगर हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सैन्य अधिकारी पर स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस हमले में कर्मचारियों को रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर और अन्य गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना अतिरिक्त सामान को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। यह घटना 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उडान SG-386 के बोर्डिंग गेट पर हुई। विवाद की वजह जो सामने आई है, वो यह कि सैन्य अधिकारी दो हैंड बैगेज ले जा रहे थे, जिनका कुल वजन 16 किलो था, जबकि नियम के अनुसार केवल 7 किलो की अनुमति है। जब एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें अतिरिक्त सामान के बारे में बताया और शुल्क भरने को कहा, तो वे भडक गए। अधिकारी ने न सिर्फ शुल्क देने से इनकार किया, बल्कि कर्मचारियों पर बार-बार घूंसे और लातें बरसाईं। एक कर्मचारी को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, लेकिन अधिकारी उसे लगातार मारता रहा। एक अन्य कर्मचारी को भी जबडे पर लात लगी, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा।

### दिल्ली एम्स में लड़की ने तोड़ा दम, पुलिस बोली 'कोई संलिप्त नहीं', तो किसने जलाया?

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** ओडिशा के पुरी जिले में कुछ दिनों पहले आग के हवाले की गई 15 वर्षीय लडकी की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस खबर की पुष्टि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को की। इस बीच, इस मामले पर पुलिस के हालिया बयान ने कई सवाल खडे कर दिए हैं। पुलिस ने कहा है कि उनकी गहन जांच में किसी और की संलिप्तता नहीं मिली है, जबकि लडकी की मां का आरोप है कि उनकी बेटी का अपहरण कर उसे जलाया गया था। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'बलंगा घटना में पीडिता की मौत की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। सरकार और एम्स दिल्ली की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के चौबीसों घंटे किए गए प्रयासों के बावजूद, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।' यह भयावह घटना 19 जुलाई को भार्गवी नदी के तट पर हुई थी। लडकी दो हफ्तों से अधिक समय तक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थी। वह 75% तक जल चुकी थी। पहले उसका इलाज एक स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में हुआ, फिर उसे एम्स भुवनेश्वर रेफर किया गया। 20 जुलाई को, उसे बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु से पहले कई सर्जरी और त्वचा प्रत्यारोपण किए गए। पीडिता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी का अपहरण कर हत्या कर दी गई है। उनके अनुसार, नाबालिग लडकी का सुबह करीब 8.30 बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया था, जब वह अपनी सहेली के घर से लौट रही थी। उसे भार्गवी नदी के पास एक सुनसान जगह पर ले जाकर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। लडकी के चचेरे भाई ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उसका अपहरण किया गया था।

### सुरक्षा बलों का 'ऑपरेशन अखल' जारी

**जम्मू-कश्मीर (एजेन्सी)।** सुरक्षा बलों का 'ऑपरेशन अखल' जारी है और तीसरे दिन तीन और आतंकियों को मार गिराया गया है। इसके साथ ही, इस अभियान में अब तक कुल छह आतंकवादी मारे जा चुके हैं। यह ऑपरेशन, जो जम्मू-कश्मीर में चलाए जा रहे सबसे बड़े आतंकवाद रोधी अभियानों में से एक है, 'ऑपरेशन महादेव' और 'ऑपरेशन शिव शक्ति' के बाद शुरू किया गया है। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों (जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम) के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। रात भर गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं। खुफिया जानकारी के आधार पर, शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने अखल के जंगलों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। जंगल में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस दौरान एक सैनिक भी घायल हुआ है। इससे पहले, शनिवार को भी सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर किया था। अधिकारियों के अनुसार, ये आतंकवादी प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट के थे। TRF ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी।

# दिल्ली विधानसभा पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली देश की पहली विधायिका बनी

## 'दिल्ली विधानसभा के प्रयासों को संसदीय कार्य मंत्रालय पूर्ण सहयोग देगा' -मेघवाल



**एसबी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने पर्यावरणीय सततता और डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 500 किलोवॉट की क्षमता वाले अत्याधुनिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र और नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन का लोकार्पण केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

समारोह में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, तथा मुख्य सचेतक अभय वर्मा सहित कई गणमान्य विधायक उपस्थित रहे। यह सौर ऊर्जा संयंत्र दिल्ली विधानसभा के संचालन को न केवल शत-प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाता है, बल्कि लगभग 15 लाख रुपया प्रतिमाह की लागत बचत सुनिश्चित करता है और वार्षिक अनुमानित बचत 1.75 करोड़ रुपया तक हो सकती है। नेट मीटरिंग के माध्यम से अतिरिक्त विद्युत उत्पादन की भी आशा है।

ई-विधान प्रणाली के तहत अब विधानसभा की समस्त कार्यवाही डिजिटल माध्यम से, पूर्णतः पेपरलेस रूप में संचालित होगी, जिससे न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम होगा।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली विधानसभा की यह पहल देशभर की विधायिकाओं व संस्थानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे डिजिटल एवं हरित परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि 'वन नेशन, वन एप्लीकेशन' की अवधारणा को साकार करती यह पहल केवल तकनीकी नहीं, बल्कि संस्थागत मूल्यों में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि संसदीय कार्य मंत्रालय दिल्ली विधानसभा को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि यह संक्रमण सुचारू रूप से लागू हो और देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत हो।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में हमारा एक समग्र प्रयास है। 1912 में बने इस ऐतिहासिक भवन में देश की पहली संसद का संचालन हुआ था—आज हम उसी विरासत को आधुनिकता से जोड़ रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ई-विधान प्रणाली का कार्य महज 100 दिनों में पूरा किया गया। कल प्रातः 11 बजे इसका परीक्षण और दोपहर 2 बजे पहली बार पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित सदन की बैठक आयोजित होगी। श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि सौर ऊर्जा से होने वाली बचत को जनता के विकास कार्यों में लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त विधानसभा पुस्तकालय का डिजिटलीकरण तथा आईटी बुनियादी ढांचे का सशक्तीकरण भी प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस पहल को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की दिशा में एक मील का पत्थर बताया और कहा कि"दिल्ली की विधानसभा को देश की राजधानी के अनुरूप ही अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, विशेषकर ऐसे समय में जब भारत 50% से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह पहल नवीनता, पारदर्शिता और संस्थागत उत्तरदायित्व के 21वीं सदी के शासन मॉडल को दशार्ती है।

उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने इसे विधानसभा के इतिहास में एक गौरवपूर्ण और निर्णायक क्षण बताया और कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को सतत विकास में नेतृत्व करना ही चाहिए।

# दिल्ली बनेगा हेल्थ हबः रेखा गुप्ता

## दिल्ली के 24 अस्पतालों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारीः सीएम




**एसबी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन स्थित अत्याधुनिक एसएसबी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्षों से लचर पड़ी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है और इसी दिशा में दिल्ली के 24 निर्माणाधीन अस्पतालों के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर शुरू करा दिया गया है। जल्द ही ये अस्पताल न सिर्फ दिल्ली की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे बल्कि राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर भी अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह अस्पताल न केवल दिल्लीवासियों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि राजधानी को हेल्थ हब बनाने के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह स्वागत-योग्य है कि एसएसबी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़ रहा है, जिससे हर नागरिक को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछली सरकारों की लापरवाही के कारण दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल रही। आज भी दिल्ली में प्रति 1000 लोगों पर 2 बेड भी उपलब्ध नहीं हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ का न्यूनतम मानक 2 और विकसित देशों में यह संख्या 5 है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि इस शर्मनाक स्थिति को बदलकर दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाया जाए। हम नहीं चाहते कि किसी भी मरीज की मौत इलाज की कमी से हो। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार ने 24 अधूरे पड़े अस्पतालों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है, जिन्हें वर्षों तक पिछली सरकारों ने नजरअंदाज कर रखा था। हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली मेडिकल हब बने, जहां बेहतरीन डॉक्टर, अत्याधुनिक तकनीक, किफायती इलाज और विश्वस्तरीय ट्रॉमा केयर की सुविधा हर नागरिक को मिले।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली की स्वास्थ्य प्रणाली को दुरुस्त करने की दिशा में दिल्ली सरकार नई तकनीक और अत्याधुनिक उपकरणों से अस्पतालों का आधुनिकीकरण कर रही है। हाल ही में दिल्ली सरकार ने अपने अस्पतालों में ऐसे अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए हैं, जो रक्त की एक बूंद से डीएनए तक की जांच कर सकते हैं। इससे ब्लड डोनेशन की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान संभव होगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एस.एस. बंसल और पूरी मेडिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार और अस्पतालों के बीच मजबूत साझेदारी ही दिल्ली को हेल्थकेयर सेक्टर में अग्रणी बनाएगी। पिछली सरकारों की उपेक्षा के बाद अब हमारी सरकार दिल्ली को एक सशक्त हेल्थ हब बनाने के मिशन पर काम कर रही है। हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करेंगे। कार्यक्रम में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज व विधायक भी मौजूद थे।

# केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साथ तीन नई ट्रेनों की दी सौगात

## रीवा से हड़पसर एवं जबलपुर से रायपुर नई ट्रेन सेवा प्रारंभ

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**गोरखपुर।** रविवार को केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम रेलवे के भावनगर रेलवे स्टेशन से एक साथ तीन नई ट्रेनों की सौगात दी। भावनगर टर्मिनस से अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा से पुणे (हड़पसर) साप्ताहिक सुपरफास्ट एवं जबलपुर से रायपुर इण्टरसिटी नई एक्सप्रेस रेल सेवाओं को रेलमंत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित राज्यों के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, अन्य गणमान्य नागरिक तथा आमजन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर सहभागी बने।

इस अवसर पर केंद्रीय रेलमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। रेलवे में इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति प्रदान करते हुए तेजी से कार्य निष्पादित हो रहे है जिससे प्रदेशों में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। वर्तमान में रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को विस्तारित करते हुए नई तकनिकी ट्रेनें जैसे वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत ट्रेनों को चलाया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी सितम्बर माह से वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन भी चलाई जाएंगी, और साथ ही बहुत जल्द अहमदाबाद से मुंबई बुलेट ट्रेन की भी सौगात मिलेगी। वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रीवा पुणे ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों जहाँ से बड़ी संख्या में लोग पुणे महाराष्ट्र की ओर यात्रा करते हैं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसी प्रकार जबलपुर-रायपुर ट्रेन भी जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ से बड़ी संख्या में लोग रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करते हैं।



### मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के यात्रियों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

इस अवसर पर मध्य प्रदेश मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने कहा कि मध्य प्रदेश के विंध्य एवं महाकौशल की जनता को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के लिए सीधे कनेक्टिविटी हो जाने से आद्यौगिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन को बढ़ावा तथा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

**नई ट्रेन गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर-रायपुर उद्घाटन शुभारंभ समारोहः** जबलपुर रेलवे स्टेशन भी ट्रेन उद्घाटन शुभारंभ समारोह का साक्षी बना। इस कार्यक्रम के दौरान जबलपुर रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण मंत्री मध्य प्रदेश शासन राकेश सिंह, माननीया सांसद राजयसभा सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, विधायक कैंट अशोक रोहणी, विधायक पाटन अजय विश्नोई, विधायक उत्तर डॉ. अभिलाष पाण्डेय, महापौर जगत बहादुर सिंह, शहर के प्रतष्ठित जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। रेल प्रशासन की तरफ से महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव और मण्डल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

**नई ट्रेन गाड़ी संख्या 02152 रीवा-हड़पसर उद्घाटन शुभारंभ समारोहः** इसी प्रकार रीवा रेलवे स्टेशन से उप मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा सहित शहर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। सतना रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह सहित शहर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

**रीवा-हड़पसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवाः** गाड़ी संख्या 20152 रीवा-हड़पसर (पुणे) सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सुबह 06:45 बजे रीवा स्टेशन से प्रस्थान करेगी और सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर, दौड़ कॉर्ड लाइन होते हुए गुरुवार सुबह 09:45 बजे हडपसर (पुणे) पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 20151 हडपसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:15 बजे पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी और दौड़ कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना होते हुए शुक्रवार सायं 17:30 बजे रीवा पहुंचेगी।

इस साप्ताहिक ट्रेन में कुल 20 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें चार सेकंड सिटिंग, तीन तृतीय वातानुकूलित, तीन तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी, दो द्वितीय वातानुकूलित तथा शेष स्लीपर श्रेणी के कोच शामिल हैं।

**जबलपुर-रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवाः** गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और मदनमहल, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाव, दुर्ग होते हुए उसी दिन दोपहर 13:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 111701 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन दोपहर 14:45 बजे रायपुर से प्रस्थान करेगी और दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, मदनमहल होते हुए उसी दिन रात्रि 22:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

इस ट्रेन में कुल 15 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें आठ जनरल सिटिंग, चार द्वितीय चेयरकार, एक चेयरकार वातानुकूलित श्रेणी के कोच शामिल हैं।

# रविन्द्र इंद्राज ने रोहिणी में आयोजित वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रविवार को रोहिणी सेक्टर 28 में आयोजित वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान में विशेष सहयोग का आग्रह भी किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर, संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेंः रविन्द्र इंद्राज

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने इसरावती प्रकृति सेवा संस्थान, निगम पार्षद अंजू अमन कुमार और स्थानीय लोगों के साथ अभियान में सहभागिता की। इसके तहत स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बड़ी संख्या में छायादार व फलदार पौधों का रोपण पार्कों, सड़कों के किनारों और अन्य जगहों पर किया गया।

श्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पेड़ माँ के नाम की दिशा में दिल्ली में हरित आवरण को बढ़ाने और स्थानीय जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण हो रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर वन महोत्सव के तहत दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाये जा रहे हैं।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी हिस्सा बिना पौधे के न रह जाए। अपने रिहायशी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण में सहयोग करें एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लें।

श्री इंद्राज ने कहा कि बवाना एक बड़ी ग्रामीण विधानसभा है, जनसहयोग से इसे हरियाली के क्षेत्र में आदर्श विधानसभा बनाना है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि अगस्त माह में आजादी का पर्व मनाने के साथ ही हमें दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान में भी वालंटियर के रूप में महत्वपूर्ण योगदान देना है। उन्होंने आग्रह किया कि घर में सूखा कूड़ा-गीला कूड़ा अलग कर नगर निगम वाहन में डालें। रोजमर्रा की जरुरतों के लिए पॉलीथिन की बजाए कपड़े या जूट का बैग इस्तेमाल करें। खाद्य पदार्थों के रैपर्स सड़क पर किसी को न फेंकने दें, इससे नालियाँ जाम हो सकती हैं। जैसे घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही अपने कार्यालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और शहर को स्वच्छ रखें।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्व का पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में



हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सम्पादकीय

## घटिया राजनीति...

**खुद** कई मामलों में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी की सारी राजनीति आरोप लगाते रहने पर ही टिकी हुई है। वह भारत में बोलें या विदेशी धरती पर, उनके संबोधनों में सिर्फ भारत की सरकार और भारत के संवैधानिक संस्थान ही निशाने पर होते हैं। राहुल गांधी पहले प्रधानमंत्री के लिए 'चौकीदार चोर है' वाली टिप्पणी का उपयोग करते थे, मगर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई तो वह संवैधानिक संस्थानों को चोर बताने लग गये हैं। एक दिन पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाते हुए कहा था कि रिटायर हो जाओगे तब भी तुम्हें ढूँढ़ निकालेंगे और आज उन्होंने उन लोगों पर हमले शुरू कर दिये जोकि इस धरा पर अपना पक्ष रखने के लिए नहीं हैं। राहुल गांधी ने स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली पर जो आरोप लगाये हैं वह बेहद निचले स्तर की राजनीति है। राहुल गांधी अमीर घराने से जरूर हैं लेकिन सभ्यता के मामले में बेहद गरीब हैं क्योंकि वह यह सामान्य-सी बात भी नहीं जानते कि हमारे धर्म और संस्कृति में यही सिखाया जाता है कि स्वर्गीय व्यक्ति के प्रति कभी भी अनादर नहीं प्रकट करना चाहिए। राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि अरुण जेटली ने उन्हें धमकाया जबकि असलियत यह है कि स्वर्गीय अरुण जेटली जनवरी 2019 से ही एक तरह से बिस्तर पर थे। हम आपको याद दिला दें कि फरवरी 2019 में जब जेटली को बतौर वित्त मंत्री लोकसभा चुनावों से पहले संसद में अंतरिम बजट पेश करना था तब उनकी अमेरिका में सर्जरी होने की वजह से उनकी जगह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। उसके बाद जेटली की जगह पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। हम आपको यह भी बता दें कि अरुण जेटली की 14 मई 2018 को किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हुई थी और उसके बाद से वह घर से ही काम कर रहे थे। वह अपने मंत्रालय की बैठकों में भी ऑनलाइन शामिल होते थे और अत्यंत आवश्यक होने पर ही लोगों से मुलाकात करते थे क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें किसी से मिलने से मना किया हुआ था।

### कविता

## कोई आश्रय न था

प्रभात का पहर न था
वो रात का ठहर न था
दिन भीगता रहा
मतलबी मेघ कभी थमा न था।

ठिठुर ठिठुर पिघल गई,
जैसे! जमीं कभी जमी न थी।
दिनकर के अधर अंधकार
यूं छाया रहा।
जैसे दूजा कोई आश्रय न था।

चमक चमक कर
बिजलियां
यहां वहां थी नाचतीं।
कड़क कड़क दहाड़ मार
बज्रपात सी बरप गई।

फिसल गया पांव तो
गिरे धड़ाम से हम।
कराहने से पहले सुने थे
किसी के आह हम।

घाव जो लगे थे तन को
मन दर्द सारे भूलकर
लगा नजर फेरने
ढूंढने आह का ठौर।


न जन कोई मिला वहां
जानवर तो था नहीं।
व्याग्र मन से मनुज
ले करवट उठ चला।

कर्ण पट पर सटे
तिनके के तन थे
अधमरे
कराह से थे निकल रहे,
प्राण तन में जो थे बचे।

दिल दहल उठा
दूर्वा को देख कर।
लिए अंजली में चल चला
घर के बागान में।

गुलहड़ के गोद में
सौंप कर वह
भुमिज अधमरा।
लगा प्यार से सींचने
की भूमिज खिल उठा।।

आंख में अश्रु
न जाने कहां से आ गए।
शायद लाढ़ लुटाने,
या गुजरे दिनों में
मन भरमा गया।।



-गुड़िया तिवारी
गोपालगंज सीवान बिहार

### जयंती

**किशोर कुमार**

जन्म: 4 अगस्त, 1929, मध्य प्रदेश; मृत्यु: 13 अक्टूबर, 1987) भारतीय संगीत के इतिहास में अमर गायक, अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और गीतकार थे। किशोर कुमार का असली नाम 'आभास कुमार गांगुली' था।

### पुण्यतिथि

**काशी प्रसाद जायसवाल**

जन्म-27 नवम्बर, 1881, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश; मृत्यु-4 अगस्त, 1937) भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं साहित्यकार थे। ये इतिहास तथा पुरातत्त्व के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान थे। काशी प्रसाद जायसवाल 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' के उपमंत्री भी बने थे। इन्होंने 'बिहार रिसर्च जनरल' तथा 'पाटलीपुत्र' नामक पत्रों का सम्पादन भी किया था। 'पटना संग्रहालय' की स्थापना में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान था। इतिहास और मुद्रा विषयक अनेक सम्मेलनों की अध्यक्षता काशी प्रसाद जी ने की थी।

### कल मिलेंगे

एक बार स्कूल में टीचर ने रमेश से पूछा
**टीचर**-बेटा, आगरा कहां पर है...
**रमेश**-सर, नहीं पता
**टीचर**-चलो फिर.. बेंच पर खड़े हो जाओ
**रमेश**-सर, कल मैडम ने भी किया था खड़ा, कोई आगरा नहीं दिखा मुझे.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ रचे गए कांग्रेसी षड्यंत्रों से उपजते सवाल

**29 सितम्बर 2008 को मुम्बई से लगभग 300 किलोमीटर दूर मालेगांव के एक व्यस्त बाजार में मोटरसाइकिल में रखे बम के फटने से छह लोग मारे गए थे। प्रारम्भ में महाराष्ट्र एटीएस ने इस विस्फोट की जांच की, जिसके बाद इसे देश की शीर्ष आतंकवाद-रोधी संस्था राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया। इसी सिलसिले में शामिल रहे मुजावर ने बताया कि, "वरिष्ठों ने आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत की गिरफ़्तारी का आदेश दिया था"**

-कमलेश पांडेय

**मालेगांव** बम विस्फोट कांड (2008) के बारे में हाल ही में जो महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं, वो किसी भी सजग भारतीय का दिल दहलाने वाले हैं। साथ ही भारत के एक प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस के सार्वजनिक चरित्र के बारे में जो खुलासे हुए हैं, वह उस पर एक गम्भीर लांछन के रूप भी दिखाई दे रहे हैं। यह भारत के उन कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की मनोदशा पर भी प्रकाश डाल रहे हैं, जिन्हें राजनीतिक नाफरमानी की स्थिति में भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इसलिए हमारी संसद को चाहिए कि वह भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए हमारे प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सक्षम बनाने के लिए कानून बनाए और उनके पाकसाफ हाथ को मजबूत करे।

ऐसा इसलिए कि कांग्रेस के जड़विहीन व खुराफाती रणनीतिकारों यथा- तत्कालीन गृह मंत्री पी.चिदम्बरम, महाराष्ट्र के पार्टी नेता सुशील कुमार शिंदे और तत्कालीन गृह सचिव आर के सिंह आदि ने यूपीए संयोजिका और कांग्रेस सुप्रीमो श्रीमती सोनिया गांधी, जो इटालियन ईसाई मूल की भारतीय भारतीय बहू हैं, को प्रसन्न करने के लिए जिस हिन्दू आतंकवाद या भगवा आतंकवाद की अवधारणा दी और इसी बहाने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करवाने की जो घृणित चाल चली, वही 5 साल बाद कांग्रेसी सत्ता की ताबूत के लिए अंतिम कील साबित हुई। लिहाजा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ रचे गए कांग्रेसी षड्यंत्रों से कुछ महत्वपूर्ण सवाल उपजते हैं, जिसका समुचित जवाब तलाशे जाने की जरूरत है। वहीं, यदि इस मामले के षडयंत्रकारियों को न्याय के कठघड़े में लाया जा सका, तो यह बहुत बड़ी बात होगी।

वहीं, राजनीतिक परिदृश्य इस बात की चुगली करता है कि मालेगांव बम विस्फोट कांड की भटकाई गई जांच के बाद से कांग्रेस कभी केंद्रीय सत्ता में नहीं लौट पाई। साल 2014, 2019 और 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले पहले यूपीए और अब इंडिया गठबंधन को भारतीय हिन्दुओं ने लगभग खारिज कर दिया। समझा जाता है कि तब सुरसा मुख की भांति फैलते जा रहे "इस्लामिक आतंकवाद" से देशवासियों का ध्यान भटकाने के लिये कांग्रेसियों ने यह सियासी षड्यंत्र रचा था। लेकिन इस भगवा आतंकवाद या हिन्दू आतंकवाद की अवधारणा के लगभग डेढ़ दशक बाद जो महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं, वो बेहद चौंकाने वाले। इससे कांग्रेस की बची हुई सियासी साख भी मिट्टी में मिल सकती है। दरअसल, इस विस्फोट की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे पुलिस इंस्पेक्टर महबूब मुजावर ने एक सनसनीखेज दावा किया है कि साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में जांच के दौरान महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था। यही नहीं, मालेगांव बम विस्फोट जांच को "गलत दिशा" में ले जाने का सियासी प्रयास किया गया और इस घृणित योजना पर आपत्ति जताने पर उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए। देखा जाए तो यह बहुत ही गम्भीर आरोप है और इसके दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

बता दें कि पूर्व एटीएस अधिकारी की तजव टिप्पणी मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को इस आधार पर बरी करने के एक दिन बाद आई है कि उनके खिलाफ "कोई विश्वसनीय और ठोस" सबूत नहीं है। सवाल है कि सबूत आखिर हो भी कैसे, क्योंकि यह एक पूर्वनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है और इसके प्रायोजकों ने पहले ही सबूत नष्ट कर दिए, ताकि लक्षित लोगों या उनके समूह को फंसाया जा सके। कहने का तातपर्य भाजपा नेताओं और आरएसएस कार्यकताओं को, जैसा कि बाद के प्रकरणों से साबित भी हुआ।

उल्लेखनीय है कि 29 सितम्बर 2008 को मुम्बई से लगभग 300 किलोमीटर दूर मालेगांव के एक व्यस्त बाजार में मोटरसाइकिल में रखे बम के फटने से छह लोग मारे गए थे। प्रारम्भ में महाराष्ट्र एटीएस ने इस विस्फोट की जांच की, जिसके बाद इसे देश की शीर्ष आतंकवाद-रोधी संस्था राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दिया गया। इसी सिलसिले में शामिल रहे मुजावर ने बताया कि, "वरिष्ठों ने आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत की गिरफ़्तारी का आदेश दिया था।" बता दें कि श्री भागवत मार्च 2009 में ही आरएसएस प्रमुख बने थे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि, "मालेगांव विस्फोट के तत्कालीन मुख्य जाँच अधिकारी परमबीर सिंह ने मुझे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ़्तार करने का आदेश दिया था।" उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि, "मोहन भागवत को इस मामले में शामिल किया जा रहा था ताकि इसे भगवा आतंकवाद का मामला बनाया जा सके।" बताते चलें कि भाजपा ने पहले भी आरोप लगाया है कि इस मामले की जाँच दक्षिणपंथी नेताओं को बदनाम करने और फंसाने तथा हिंदू समुदाय को निशाना बनाने के इरादे से की गई थी। वहीं, मुजावर ने यहां तक कहा कि, "मालेगांव बम विस्फोट की फर्जी जांच की कोशिश की गई थी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार नहीं था। लिहाजा इस मामले में मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन बाद में मेरा नाम साफ हो गया।"

उन्होंने यहां तक कहा कि राज्य की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस मामले में तत्कालीन अधिकारियों पर दबाव डाला होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस मामले की गोपनीय जानकारी की थी। उन्होंने कहा, "मैं अपनी सेवा कर रहा था। मुझे पता था कि ये बातें झूठी हैं, इसलिए मेरे खिलाफ मामले दर्ज किए गए।" गौरतलब है कि राजनीतिक नाफरमानी की वजह से मनगढ़ंत आरोप लगाकर श्री मुजावर को तत्कालीन राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। इधर, उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठीक ही कहा है कि, "2008 की मालेगांव साजिश का पदार्फाश हो गया है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े थे। ऐसे समय में जब इस्लामी आतंकवाद पर बात हो रही थी, सरकार द्वारा उसको वोट देने वालों को नाराज नहीं किया जा सकता था, यही वजह है कि हिंदू आतंकवाद का सिद्धांत गढ़ा गया।" यह गम्भीर सरकारी पहल थी, जिसकी कांग्रेस ने भारी सियासी कीमत भी चुकाई। इस नए खुलासे के नकारात्मक असर भी बिहार विधानसभा चुनाव पर पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि उद्योगपति मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित आवास एंटीलिया के बाहर कथित तौर पर विस्फोटक मिलने के बाद, मुंबई पुलिस आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कदाचार के आरोपों के बीच, श्री सिंह को दिसंबर 2021 में निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद, उन्होंने महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख पर जबरन वसूली और हस्तक्षेप का आरोप लगाया। श्री देशमुख को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन श्री सिंह पर राज्य सरकार ने जबरन वसूली और इसी तरह के आरोपों में मामला दर्ज किया। ये आईपीएस अधिकारी 2022 में सेवानिवृत्त हुए। हालांकि, एक साल बाद, एकनाथ शिंदे सरकार ने भाजपा को चिढ़ाने के लिए। उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। इससे भाजपा मनमसोस कर रह गई।

जैसा कि एनआईए ने बताया, मालेगांव में विस्फोट रमजान के पवित्र महीने में, नवरात्रि से ठीक पहले हुआ था। एनआईए ने दावा किया कि आरोपियों का इरादा मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग में दहशत फैलाना था। 2018 में शुरू हुआ यह मुकदमा इसी साल 19 अप्रैल को पूरा हुआ। अभियोजन पक्ष ने 323 गवाह पेश किए, जिनमें से 37 अपने बयानों से मुकर गए। लिहाजा, विशेष अदालत ने गुरुवार को कहा कि अभियोजन पक्ष ने यह तो साबित कर दिया कि बम विस्फोट हुआ था, लेकिन वह यह साबित करने में विफल रहा कि विस्फोटक मोटरसाइकिल पर लगाया गया था। इसलिए कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। लिहाजा, इस मामले में कुछ सुलगते सवाल उठना लाजिमी है। पहला यह कि कहीं भगवा आतंकवाद के षड्यंत्रकारियों ने ही तो इस बम विस्फोट की घटना को तो रमजान के पाक महीने में अंजाम दिलवाया, ताकि रणनीतिक रूप से हिंदुओं को फंसाया/फँसवाया जा सके। दूसरा, भारतीय संविधान के तहत पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों का चारित्रिक स्तर इतना गिर गया है कि वो अपने सियासी लाभ के लिए प्रशासनिक जांच की दिशा ही भटका दें। यह पक्ष-विपक्ष की राजनीति को स्थायी रूप देने के लिए किया गया एक खतरनाक प्रयास है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। इससे भारतीय जांच एजेंसियों की साख भी घटेगी। कहना न होगा कि यदि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भगवा आतंकवाद की आड़ में गिरफ्तार कर लिया गया होता तो आज भाजपा के अच्छे दिन नहीं आते। बता दें कि भाजपा को 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत दिलवाने में आरएसएस की बहुत बड़ी भूमिका थी और 2024 में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा उसकी भूमिका को कमतर आंकने का ही अभिशाप है कि भाजपा आज अल्पमत में है और एनडीए का गठबंधन सरकार चलाने को अभिशप्त भी। इसलिए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार को लाने और भाजपा को व्यापक सियासी आधार प्रदान करने में मोहन भागवत की शानदार रणनीतिक भूमिका है।

देखा जाए तो लगभग 75 वर्ष की आयु में भी वो जितने सक्रिय हैं, आरएसएस को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील हैं, वह बहुत बड़ी बात है। इससे यह महसूस होता है कि कांग्रेस नेताओं का निशाना अचूक था, लेकिन महाराष्ट्र के एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उनके इस महत्वपूर्ण मिशन की हवा निकाल दी। बता दें कि इससे पहले भी कांग्रेस सरकार दो-दो बार आरएसएस पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगा चुकी है।

राजनीतिक टीकाकार बताते हैं कि जहां 1989 में भागलपुर सांप्रदायिक दंगे को नियंत्रित करने में विफल रही कांग्रेस सरकार ने इसकी पूरी राजनीतिक कीमत चुकाई और हिंदी पट्टी से खत्म हो गई। उसके बाद से केंद्र में भी कभी अपने दम पर सत्ता में नहीं लौटी। इसलिए मुस्लिम परस्त राजनीति करने की आरोपी कांग्रेस और उसके सियासी सहयोगियों को जब भी गठबंधन करके सत्ता मिलती है तो हिंदुओं को कमजोर करने के लिए वह तरह तरह के एकपक्षीय कानून लाने की कोशिश करती है। इससे उसकी सियासी छवि भी प्रभावित हुई है। वहीं, आरएसएस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अपने विरुद्ध हुए तमाम सियासी व प्रशासनिक षड्यंत्रों के बावजूद वह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बना हुआ है जिसका मूल ध्येय राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और विश्व कल्याण है।

# अंतरिक्ष से मिसाइल युद्ध की प्लानिंग करते शक्तिशाली देश?

**अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है**

-डॉ. रमेश ठाकुर

**भविष्य** में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलो से अतंरिक्ष में बनें 'स्पेस स्टेशनों' से योजना बना रहे हैं। सुखद खबर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं हैं। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अतंरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। ज्यादा नहीं सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वयं के स्वनिर्मित अतंराष्टीय स्पेस सेंटर में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। आत्मनिर्भरता की विधा में जमीन से कोसों मील दूर अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का इंटरनेशनल स्पेस सेंटर बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई, व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में स्पेस स्टेशन के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाईयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। अभी तक दो देशों के बीच जंगें जमीन, हवा और पानी में ही दिखती थी। पर, भविष्य की जंगें अंतरिक्ष से लड़ी जाने की संभावनाओं को नहीं नकारा जा सकता? ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है? अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं। पहला, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी स्पेस स्टेशन बनाने की अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने का जुगत भिड़ा रहे हों? बहरहाल, 41 बरस बाद शुभांशु शुक्ला के रूप में अब हमारा भी एक अतंरिक्ष यात्री अतंरिक्ष में पहुंचा है जिनके जाने का मकसद 10 साल बाद स्वर्निमित भारतीय स्पेस स्टेशन की तैयारियों की जांच-पड़ताल करना होगा। उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही एक्सिओम मिशन-4 क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है।

अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती है। अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्षत से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है।

इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह मिशन गगनयान को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। मौजूदा अंतरिक्ष में शुभांशु की उड़ान न सिर्फ एक मिशन है बल्कि भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक नए युग में साहसपूर्वक कदम रखने का संकेत भी है। इसरो अपने आगामी गगनयान मिशन को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियां में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अतंरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

### खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

## खुद की कब्र खोदने को मजबूर इजरायली बंधक, परिवार ने सरकार से बचाने की अपील की

(एजेन्सी)।

**गाजा** में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली नागरिक एव्यातार डेविड के परिवार ने हमास पर 'प्रचार अभियान' के तहत जानबूझकर उन्हें भूखा रखने का गंभीर आरोप लगाया है। यह बयान हमास द्वारा जारी किए गए एक वीडियो के बाद आया है, जिसमें एक कंक्रीट की सुरंग में 24 वर्षीय एव्यातार को बहुत कमजोर हालत में दिखाया गया है। वीडियो में, एव्यातार डेविड कह रहे हैं, 'मैंने कई दिनों से कुछ नहीं खाया है... मुझे पीने का पानी भी मुश्किल से मिल रहा है।' वह कैमरे के सामने अपनी ही कब्र खोदते हुए भी दिख रहे हैं। उनके परिवार ने इस कृत्य को 'जानबूझकर और निंदनीय' बताया और कहा कि वे 'अपने प्यारे बेटे को एक जीवित कंकाल की तरह' देख रहे हैं। परिवार ने इजरायली सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 'एव्यातार को बचाने के लिए हर संभव प्रयास' करने की अपील की है।

इस बीच, गाजा में मानवीय संकट लगातार गहरा रहा है। हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में कुपोषण से एक बच्चे समेत सात और लोगों की मौत हो गई। युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 169 हो गई है, जिनमें 93 बच्चे शामिल हैं। गाजा में एक सहायता वितरण केंद्र के पास हुए इजरायली हमले में तीन लोग मारे गए और 36 घायल हुए। हालांकि, आईडीएफ ने कहा कि उसने 'चेतावनी गोलियां' चलाई थीं, लेकिन किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। सहायता एजेंसियों ने इजराइल पर गाजा को अकाल की ओर धकेलने के लिए भोजन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, जिसे इजराइल ने खारिज कर दिया है। इजराइल का कहना है कि वहां 'कोई भुखमरी नहीं है' और वह सहायता आपूर्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा रहा है। इजराइल ने दावा किया कि उसने संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, मिस्र, फ्रांस और जर्मनी के सहयोग से दक्षिणी और उत्तरी गाजा के निवासियों के लिए भोजन से भरे 90 सहायता पैकेट हवाई मार्ग से गिराए हैं। 7 अक्टूबर 2023 के हमले में हमास ने 251 लोगों को बंधक बनाया था। इजराइल का कहना है कि एव्यातार डेविड उन 49 बंधकों में से हैं, जो अभी भी गाजा में कैद हैं, जिनमें से 27 के मारे जाने की आशंका है। शनिवार को हजारों लोग उनकी रिहाई के समर्थन में तेल अवीव में प्रदर्शन करने के लिए जमा हुए।

## यशस्वी जायसवाल ने किया खुलासा, बताया किसके कहने पर जड़ा शतक

(एजेन्सी)।

**ओवल** में भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में शतक ठोका। इस दौरान रोहित शर्मा स्टेडियम की बालकनी में मौजूद थे। वह पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन स्टैंड्स में मैच देखने पहुंचे। मैच के बाद यशस्वी ने खुलासा किया कि उन्हें पूर्व जोड़ीदार और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा से क्या मैसेज मिला था। दरअसल, रोहित शर्मा ओवल में भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांचवें मैच को देखने पहुंचे। इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया तो रोहित बालकनी में खड़े होकर जायसवाल की बल्लेबाजी को एंजॉय कर रहे थे।

जायसवाल ने अपनी पारी के दौरान मिलने वाली तीन जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने भारत के लिए चौथा विदेशी टेस्ट शतक जड़ा। दिन के खेल के बाद जायसवाल ने बताया कि रोहित ने उन्हें खेलते रहने के लिए कहा था। जायसवाल ने बताया कि रोहित शर्मा ने उन्हें खेलते देख हाय बोला था।

इस दौरान यशस्वी ने बताया कि, मैंने रोहित भाई को देखा और उन्हें हाय कहा। उन्होंने मुझे खेलते रहने का मैसेज दिया। मुझे लगता है कि आपको अपने खेल की योजना बनानी चाहिए। मुझे अपने खेल, अपनी पारी की योजना बनानी चाहिए कि मेरे शॉट्स कहां हैं और मैं कहां रन बनाने जा रहा हूं। साथ ही जायसवाल ने कहा कि, इसलिए निश्चित रूप से मुझे ये मैसेज मिलते रहते हैं और रोहित भाई, विराट भाई के साथ खेलते हुए मुझे बहुत मदद मिली है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने जो किया है कैसे तैयारी की है ये देखकर मुझे बहुत मदद मिली है।

## ढाबा मालिक की बेटी वैष्णवी पाटिल चयन ट्रायल में छाई

**(एजेन्सी)।** आगामी विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में वैष्णवी पाटिल अपनी गति और मैट पर दबदबे के साथ छाई रहीं। उन्होंने अगले महीने जगरेब में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपनी प्रतिद्वंद्वियों को एक-एक करके मात दी। उनकी रणनीतिक कुशलता और मजबूत डिफेंस को देखते हुए यह विश्वास करना मुश्किल है कि उन्होंने केवल चार साल ही मैट कुश्ती में बिताए हैं। मुंबई के कल्याण में एक ढाबा मालिक की बेटी वैष्णवी ने हालांकि काफी देर से शुरूआत की लेकिन वह इससे दोगुनी तेजी से देश में शीर्ष स्तर पर पहुंच गई हैं। वैष्णवी ने ट्रायल के फाइनल में मुस्कान को 7-2 से हराने के बाद कहा, मैंने 2020 के अंत में मैट कुश्ती शुरू की। उससे पहले मैं सिर्फ मिट्टी की कुश्ती ही करती थी। जब मैंने 2016 रियो में साक्षी मलिक को पदक जीतते देखा तो मैंने तय कर लिया कि मुझे क्या करना है, मैं बस इसी खेल को अपनाना चाहती हूं। उन्होंने कहा, मेरे पिता एक ढाबा चलाते हैं और मेरी मां गृहिणी हैं। मेरे माता-पिता मेरे लिए सब कुछ संभाल रहे हैं। महाराष्ट्र में ज्यादा अच्छी अकादमियां नहीं थीं तो मैं हिसार आ गई। बाईस साल की वैष्णवी सुशील कुमार अखाड़े में कोच जसबीर के अधीन प्रशिक्षण ले रही हैं। वैष्णवी 2016 ओलंपिक चैंपियन, तोक्यो (2021) और पेरिस खेलों (2024) की कांस्य पदक विजेता और सात बार की विश्व पदक विजेता अमेरिकी पहलवान हेलेन मारौलिस को अपना आदर्श मानती हैं।

## अनिल अंबानी के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में हुई पहली गिरफ्तारी

(एजेन्सी)।

**उद्योगपति** अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली व्यावसायिक संस्थाओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहली गिरफ्तारी की है।

बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड (बीटीपीएल) के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। यह गिरफ्तारी ईडी द्वारा भुवनेश्वर और कोलकाता स्थित बीटीपीएल के परिसरों की गहन तलाशी के एक दिन बाद हुई है। यह मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा बीटीपीएल, उसके निदेशकों और अन्य के खिलाफ सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) को कथित तौर पर फर्जी बैंक गारंटी जारी करने के आरोप में दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी की जाँच के अनुसार, बीटीपीएल ने धोखाधड़ी से 68.2 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी तैयार की, जिसके लिए भारतीय स्टेट बैंक के जाली समर्थन और फर्जी एसबीआई ईमेल आईडी का इस्तेमाल करके फर्जी पुष्टिकरण ईमेल तैयार किए गए।

इस फर्जी गारंटी का इस्तेमाल एसईसीआई द्वारा जारी एक टेंडर को समर्थन देने के लिए किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईडी ने खुलासा किया है कि बीटीपीएल को अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड से फर्जी बैंक गारंटी के लिए कथित तौर पर 5.4 करोड़ रुपये मिले थे। अधिकारियों का कहना है कि यह वित्तीय सुराग बीटीपीएल के धोखाधड़ी वाले कार्यों को अंबानी के कॉर्पोरेट नेटवर्क से जोड़ने वाला एक प्रमुख तत्व है।

## 'कटहल' और 'सिर्फ एक बंदा काफी है' फिल्म को मिला नेशनल अवार्ड

**रायपुर (एजेन्सी)।** नेशनल फिल्म अवार्ड 2023 में रिलीज फिल्म कटहल को बेस्ट हिन्दी फिल्म का अवार्ड मिला है। फिल्म के निर्देशक यशोवर्धन मिश्रा का जुड़ाव रायपुर से है। उनके पिता अशोक मिश्रा प्रसिद्ध फिल्मकार हैं जिन्हें भी फिल्म लेखन के लिए नेशनल फिल्म अवार्ड मिल चुका है। सान्या मल्होत्रा अभिनीत इस फिल्म में कटहल चोरी की कहानी को व्यंग्यात्मक ढंग से दिखाया गया है। एक इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाली सान्या मल्होत्रा के साथ ही राजपाल यादव ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है। कटहल की कहानी कॉमेडी के साथ राजनीतिक व्यवस्था और पुलिस के कामकाज के तरीकों पर लगातार सवाल खड़ा करती है। जिसमें एक खोए हुए कटहल को खोजने में पूरी तंत्र को लगा दिया जाता है। इस फिल्म ने समाज के भीतर की व्यथा के कथा को रूपहले पर्दे पर दिखाया जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया है। इस सफलता पर युवा फिल्मकार यशोवर्धन मिश्रा का कहना है मेरे लिए सम्मान की बात है कि मेरे पिता अशोक मिश्रा जी के बाद मुझे यह अवार्ड मिल रहा है।

# बाढ़ से पीड़ित परिवार के सदस्यों की हर संभव करूंगा मदद: डॉ वाचस्पति



**संजना भारती संवाददाता**
**मनोज कुमार बिन्द**

**बारा प्रयागराज।** बारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. वाचस्पति ने रविवार को यमुनानगर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। भीषण बाढ़ की मार झेल रहे ग्रामीणों से मिलकर विधायक ने न केवल उनका हाल जाना, बल्कि हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया।

डॉ. वाचस्पति ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पूरी तरह से जनता के साथ खड़े हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से हर गांव का दौरा कर रहा हूँ ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी परिवार सहायता से वंचित न रहे। हमारी प्राथमिकता राहत, पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं को शीघ्र बहाल करना है, उन्होंने कहा। इस दौरान विधायक ने कचरा, नगरवार, जगदीशपुर, बिरवल, कैनुआ, कंजासा, मझियारी, अमिलिया तरहार, सेमरी तरहार समेत दर्जनों बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की, जिस पर विधायक ने भरोसा दिलाया कि जिन क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था ठप है, वहां जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराई जाएगी। डॉ. वाचस्पति ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और बताया कि प्रशासन से लगातार समन्वय बनाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन, चिकित्सा सुविधा जैसी सहायता पहुंचाई जा सके। बाढ़ से त्रस्त लोगों में विधायक की मौजूदगी से नई ऊर्जा देखने को मिली। लोगों ने राहत और पुनर्वास के प्रयासों में तेजी लाने की अपील की, जिस पर विधायक ने भरोसा दिया कि क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

प्रमुख रूप से उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम, एसीपी कौंधियारा विवेक यादव व एसीपी बारा कुंजलता, विधायक प्रतिनिधि श्यामू निषाद फूलचंद पटेल मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह, आशीष पाल, अखिलेश पटेल, राजकुमार पटेल, राजू द्विवेदी, संदीप पटेल, संजीत चतुर्वेदी, सुधांशु मिश्रा, जय सिंह, नितेश निषाद, खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ मनोज सिंह, नायब तहसीलदार, लेखपाल, कानूनगो, सहित दर्जनों लोग रहें।

# 4 वर्षो से निरंतर जारी सांस्कृतिक सनातनी श्रृंखला के अंतर्गत 'मंत्र सुनाओ, उपहार पाओ' का आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भजनपुरा मैन मार्किट में विगत 4 वर्षो से निरंतर जारी सांस्कृतिक सनातनी श्रृंखला के अंतर्गत 'मंत्र सुनाओ, उपहार पाओ' का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओ आदि सभी वर्गों के लोगों को सनातन संस्कृति से जुड़े मंत्र, चालीसा, चौपाई, श्लोक, वेद ऋचाएं, आरती, भजन, गुरुवाणी, जिनवाणी आदि सिखाये व उनको खाद्य उपहार वितरित किये। साथ ही प्रथम 251 लोगों को श्रावण मास की शिव प्रिंटेड टी शर्ट भी वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता भुवनेश सिंघल ने किया। सिंघल से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से अब तक वो एक लाख इक्यासी हजार लोगों को मंत्र आदि सिखा चुके हैं। परोक्ष रूप से यदि देखें तो मंत्र सीखने वाले लोगों की संख्या पांच लाख को पार कर चुकी है।

इस अवसर पर निगम पार्षद रेखा रानी, सांसद प्रतिनिधि रामनरेश पराशर, फिल्म कलाकार नीरज गुप्ता, यमुना विहार मण्डल अध्यक्ष विपिन कुमार, भजनपुरा मण्डल महामंत्री सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज चौहान, अभिसार, धर्मवीर, ललित आनंद, हैप्पी गुप्ता, दिग्विजय सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान व एक पेड़ माँ के नाम तीसरा पुस्ता रिज एरिया में सफाई अभियान के बाद वृक्षारोपण किया गया। स्वच्छ दिल्ली मिशन व एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में मेयर राजा इकबाल, जिला अध्यक्ष डॉ यूके चौधरी, विधायक अजय महावर, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन सत्या शर्मा, राज कुमार बल्लन, कौशल मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक राहुल गौर, पार्षद प्रमोद गुप्ता, रेखा रानी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान की उपस्थिति रही।

## ■ दिल्ली को स्वच्छ रखने के लिए अपनी सामाजिक भूमिका को समझना होगा: राजा इकबाल

कार्यक्रम मे बोलते हुए राजा इकबाल ने बताया कि दिल्ली को स्वच्छ रखने के लिए हमें अपनी सामाजिक भूमिका को समझना पड़ेगा। भाजपा का कार्यकर्त्ता अपनी इस जिम्मेदारी के लिए प्रतिवद्ध है। हमें पर्यावरण को संरक्षित करना है और एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाना है।जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी ने बताया हमारा संकल्प है कि देश को हरा भरा बनाना है और जो वृक्ष हमारे लिए प्राण वायु प्रदान करते है उनका हमे उनको संरक्षित करना है।

विधायक अजय ने स्वच्छता अभियान की प्रमुखता करते हुए बताया दिल्ली देश की नाक है और राजधानी है दिल्ली मे साफ सफाई रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार की पहल को हमें साकार करना है। दिल्ली को साफ रखना हम लोगो की नैतिक जिम्मेदारी है और हम सब मिलकर इसको साबित करेंगे।

इस कार्यक्रम मे रंजन त्यागी बृजेश सिंह सत्यपाल सिंह राजकुमार झा जगत नारायण गुप्ता हितेंद्र त्यागी सालवेंदर मिश्रा सौरभ चातक बंश पांडेय अमर राय व अपेक्षित श्रेणी के साथ साथ समस्थ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक ड्रग मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन, हरियाणा की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, एजीएम की तिथि 31 अगस्त तय

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** करनाल क्लब में आयुर्वेदिक ड्रग मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन, हरियाणा की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन श्री पवन भाटिया ने की। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुप भारद्वाज ने अब तक संस्था द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के आयोजन की तिथि 31 अगस्त 2025 घोषित की।



बैठक के दौरान आयुष मंत्रालय द्वारा शेड्यूल-ळ में किए गए नवीन संशोधनों पर गंभीर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि आगामी एजीएम में इस महत्वपूर्ण विषय पर तीन विशेषज्ञ सलाहकार (कंसल्टेंट्स) को आमंत्रित किया जाएगा, जो हरियाणा के सभी औषधि निर्माताओं को इन संशोधनों की विस्तृत जानकारी देंगे। बैठक में चेयरमैन श्री निश्चल पूथी, श्री गुलशन सेतिया सहित कालका, पानीपत, यमुनानगर, करनाल, पंचकूला, हिसार, बहादुरगढ़, झज्जर, फरीदाबाद एवं सोनीपत से आए लगभग 20 सदस्यों ने भाग लिया। सदस्यों ने प्रदेश में आयुर्वेदिक औषधि निर्माण क्षेत्र के समक्ष आ रही विभिन्न चुनौतियों पर भी अपने विचार साझा किए।

बैठक का उद्देश्य उद्योग से जुड़े सभी सदस्यों को एक मंच पर लाकर विनियामक बदलावों, गुणवत्ता नियंत्रण और औद्योगिक सुधारों पर सामूहिक मंथन करना रहा, जिससे आयुर्वेदिक उद्योग को नई दिशा और गति मिल सके।

## मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में 200 नए 'आम आदमी क्लीनिक' खोलने की घोषणा

# डॉक्टर की पर्ची, टेस्ट रिपोर्ट, अगली अपॉइंटमेंट और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सभी जानकारियाँ अब मोबाइल पर

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** पंजाबवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज घोषणा की कि राज्य में 200 और आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे, ताकि लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज न जाना पड़े।



यहां टैगोर थिएटर में आयोजित समारोह के दौरान 881 आम आदमी क्लीनिकों को व्हाट्सऐप चैटबॉट से जोड़ने की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक देश का सबसे सफल स्वास्थ्य मॉडल बन रहा है, जहाँ मरीजों का संपूर्ण इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही 200 और क्लीनिक शुरू करेगी, जिससे इनकी कुल संख्या 1081 हो जाएगी। वर्तमान में 565 क्लीनिक ग्रामीण क्षेत्रों में और 316 शहरी क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जहाँ प्रतिदिन लगभग 70,000 मरीज आ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन क्लीनिकों में आने वाले मरीजों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है, इसके बाद बुजुर्गों की, क्योंकि उन्हें अपने घर के नजदीक ही बेहतरीन मुफ्त इलाज मिल जाता है। आम आदमी क्लीनिकों को व्हाट्सऐप चैटबॉट से जोड़ने को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मरीज जब चाहें, अपनी दवाओं और जांच रिपोर्टों की जानकारी मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि करीब 90% पंजाबियों के पास स्मार्टफोन हैं, जिससे यह सुविधा उन्हें सीधे पहुंचाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर की पर्ची, रिपोर्ट, अगली मिलने की तारीख के समय-समय पर रिमाइंडर के अलावा, शुगर व ब्लड प्रेशर से पीड़ित बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी जानकारी भी व्हाट्सऐप पर दी जाती रहेगी। इससे मरीजों को पर्चियां संभालने की आवश्यकता नहीं रहेगी, वे जब चाहें मोबाइल पर जानकारी ले सकते हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पास इलाज और बीमारियों से जुड़ा पूरा डाटा भी इकट्ठा हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अब कुत्ते के काटने पर पीड़ितों को तुरंत इलाज आम आदमी क्लीनिकों में मिलेगा। उन्होंने कहा कि एंटी-रेबीज वैक्सीन अब यहीं उपलब्ध होंगे। पहले यह इलाज महंगा होता था और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होता था, लेकिन अब इसका सारा खर्च सरकार उठाएगी।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत हर परिवार को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ देने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जो अपने हर परिवार को इतनी बड़ी सीमा तक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने अफसोस जताया कि पिछली सरकारों के घोषणापत्रों में स्वास्थ्य का जिक्र तक नहीं होता था और लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता था। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गंभीर बीमारियों का इलाज तक नहीं कराते थे क्योंकि इलाज इतना महंगा होता था कि वे अपने परिवार को कर्जदार नहीं देखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि लोगों को मुफ्त उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा देना सरकार का कर्तव्य है और वर्तमान सरकार यह कर्तव्य पूरी निष्ठा से निभा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य को मेडिकल हब बनाने के लिए बड़े प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कपूरथला, होशियारपुर, संगरूर और नवांशहर में चार नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी जा चुकी है।

मुफ्त घरेलू बिजली को आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में 90% घरों का बिजली बिल शून्य आ रहा है, जिससे लोगों को आर्थिक राहत मिली है। लोगों का सरकारी संस्थाओं में विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ एमिनेंस में अब कई छात्र निजी स्कूलों से हटकर आ रहे हैं। इस वर्ष सरकारी स्कूलों के 208 छात्रों ने जे ई ए एडवांस और 800 से अधिक छात्रों ने नीट परीक्षा पास की है। सड़क सुरक्षा बल (एस एस एफ) को अमूल्य जीवन बचाने वाली फोर्स बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके गठन से सैकड़ों जानें बचाई गई हैं। जब वे संसद सदस्य थे, उस समय के आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में एक वर्ष में 5,000 से अधिक लोग सड़क हादसों में मारे जाते थे। लेकिन अब एस एस एफ के आने से 48% की कमी आई है, जो अन्य राज्यों के लिए मिसाल है। यह बल विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों से बना है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, और यह 144 आधुनिक वाहनों से सुसज्जित है। यहां तक कि भारत सरकार ने इस पहल की सराहना की है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ ) की टीम से राज्य के आम आदमी क्लीनिकों और स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा करके अपने बहुमूल्य अनुभव साझा करने की अपील की।

इस मौके पर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का ज़िक्र किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, स्वास्थ्य सचिव कुमार राहुल समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 155वें दिन पंजाब पुलिस द्वारा 399 स्थानों पर छापेमारी; 116 नशा तस्कर काबू

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** राज्य में से नशों के मुकम्मल खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किये गए युद्ध नशों विरुद्ध के 155वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 399 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके उपरांत राज्य भर में 75 ऐफआईआरज दर्ज करके 116 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया गया। इससे 155 दिनों में गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 24,499 हो गई है।

इन छापेमारियों के नतीजे के तौर पर गिरफ़्तार किये गए नशा तस्करों के कब्जे में से 1.7 किलोग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम अफीम, 298 किलोग्राम भुक्की, 37,085 नशीली गोलियां/ कैपसूल और 11.88 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। यह ऑपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया।

जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिशनरों, डिप्टी कमिशनरों और एस.एस.पीज को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 77 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 180 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में छापेमारी की है। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 433 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की है।


स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति-इनफोरसमैंट, डी-अडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी)- लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 90 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# प्रदेश सरकार राज्य के हर क्षेत्र में निष्पक्ष रूप से करवा रही है विकास कार्य-मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

## नरवाना वासियों के लिए विकास के मामले में 17 अगस्त का दिन वरदान साबित होगा

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सच्चे जन प्रतिनिधि का एक मात्र धर्म जनसेवा होता है। निस्वार्थ भाव से जनभावनाओं के अनुरूप जनहित के कार्य करवाना और आमजन की समस्याओं का समाधान करना ही सच्चे एवं सार्थक जनसेवक की पहचान होती है। मौजूदा राज्य सरकार निष्पक्ष तरीके से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित एवं बराबर विकास कार्य करवा रही है। हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा पंजाब जैसे पडोसी राज्य में भी है। अन्य इलाकों की तरह नरवाना भी भविष्य में विकास का उदाहरण बने, इसके लिए वे दिन-रात प्रयासरत्त हैं।



कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार देर सांय नरनावा विधानसभा हलका के गांव डिंडोली में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि 17 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन के लिए नरवाना क्षेत्रवासियों का आभार जताने और करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के लिए पहुंचेंगे।

इस मौके पर मंत्री ने वाल्मीकि चौपाल तथा जिम्म हाल का शिलान्यास किया। इनके निर्माण पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा मंत्री ने लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों की भी घोषणा की। इन सभी विकास कार्यों के एस्टिमेट बनाकर जल्द सम्बन्धित विभागों को भिजवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत को अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने 51 लाख रुपये अतिरिक्त अनुदान देने के लिए भी कहा। इस प्रकार गांव में लगभग साढ़े 3 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

# अंबाला में बनाए जा रहे शहीदी स्मारक में शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए जल्द ही विभिन्न विभाग के उच्च अधिकारियों की स्मारक में होगी बैठक: अनिल विज

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला में जीटी रोड पर सन 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित निर्माणाधीन आजादी के पहली लडाई के शहीद स्मारक का निरीक्षण किया तथा आर्ट वर्क करने वाले कलाकारों की मेहनत को खूब सराहा।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल्द ही शहीद स्मारक के शेष कार्य को पूरा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक स्मारक परिसर में आयोजित की जाएगी। श्री विज ने कहा कि स्मारक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों का इतिहास यहां जीवंत होगा। उन्होंने स्मारक में बनाई गई स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की प्रतिमा को नमन करते हुए उन्हें स्मरण किया।

स्मारक की विभिन्न आर्ट गैलरियों का मुआयना करते हुए मंत्री अनिल विज ने यहां विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किए जा रहे इतिहास के बारे में बारिकी से जानकारी ली और सिविल वर्क के साथ-साथ आर्ट वर्क से संबंधित कार्यों की प्रगति जानते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर्ट म्यूजियम के वर्चुअल थिएटर में 40 लोगों को एक साथ ऊपर ले जाने वाली हाईड्रॉलिक लिफ्ट लगाई गई है जोकि हिंदुस्तान में अपनी तरह की पहली लिफ्ट है। उन्होंने बताया कि स्मारक में 270 डिग्री प्रोजेक्टर फिल्म चलेगी, जिसका लोग आनंद लेते हुए दूसरे फ्लोर तक पहुंचेंगे। इसके साथ-साथ यहां पर रैम्प व सीढ़ियों की भी व्यवस्था की गई है ताकि लोग आसानी से इस स्मारक की भव्यता का अवलोकन कर सकें। यहां पर कमल के फूल पर जाने के लिए दो हाई स्पीड दो लिफ्ट लगाई गई हैं और आगंतुक 12वीं मंजिल तक इस लिफ्ट के माध्यम से लोग कुछ ही मिनटों में पहुंच सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेमोरियल टॉवर की 12वीं मंजिल पर स्काई कैफे खोला जाए ताकि यहां से लोग बैठकर पूरे अम्बाला छावनी व आसपास क्षेत्र को देख सकें। इसके अलावा, यहां दूरबीन भी लगाई जाए ताकि लोग दूर तक यहां से व्यू ले सके। श्री विज ने बताया कि शहीद स्मारक में पांच अलग-अलग प्वाइंट पर गुम्बद बनाए गए है जोकि एक सेल्फी प्वाइंट होंगे।

श्री विज ने इस मौके पर वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मारक में प्रस्तुत इतिहास व आर्ट वर्क के कार्य को देखा। उन्होंने वीडियो में दिखाए गए इतिहास के कुछ और अंश भी जोड़ने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आजादी की लड़ाई के लिए संघर्ष हुआ, उन तमाम विवरण को भी इसमें दशार्या जाए तथा इस स्मारक को तैयार करने में इतिहासकारों के साथ-साथ अन्य ने जो अहम भूमिका निभाई है उनके नामों से संबंधित दो बोर्ड भी यहां पर लगवाए।

इस मौके पर उनके साथ शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग हरपाल सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने जींद रोड से संधू फार्म हाउस तक रोड का किया उद्घाटन

## भाजपा सरकार में देश प्रदेश लगातार कर रहा उन्नति-विधायक योगेन्द्र राणा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** असंध में रविवार को हरियाणा सरकार में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, अभिलेखागार एवं संसदीय कार्य मंत्री, महिपाल ढांडा ने जींद रोड से संधू फार्म हाउस तक बने रोड का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ असंध विधायक योगेन्द्र राणा उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा का यहां पहुंचने पर विधायक योगेन्द्र राणा, नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, कार्यक्रम आयोजक सरदार मुख्तयार सिंह संधू, रविंदर सिंह संधू द्वारा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सरदार मुख्तयार सिंह संधू और रविंदर सिंह संधू द्वारा कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक योगेन्द्र राणा, नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी को दरबार साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस रोड़ का उद्घाटन करके अपार खुशी हुई है। क्योंकि इससे संधू फार्म हाउस की मुख्य जींद असंध रोड़ से कनेक्टिविटी सुचारु रूप से शुरू हो सकेगी। इस दौरान उन्होंने विधायक योगेन्द्र राणा एवं सरदार मुख्तयार सिंह संधू, रविंदर सिंह संधू का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।



कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में स्थित पोल्ट्री फार्म को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पोल्ट्री फार्म से संबंधित सभी समस्याओं का आज त्वरित निवारण किया जाता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि देश में भाजपा सरकार आने से पहले किसान की स्थिति अत्यंत दयनीय थी।

किसान के खेत में जाने वाले रास्ता कच्चा होता था जिससे किसानों को हर दिन समस्या होती थी परंतु भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों के खेत तक जाने वाले सभी रास्तों को पक्का करने का काम किया जिससे आज प्रदेश में कोई भी रास्ता कच्चा नहीं है। इसी प्रकार गेहूं, मूंग, बाजरा, अरहर, तिल, सरसों और अन्य फसलों को पहले उचित मूल्य नहीं मिलता था जिससे किसान लगातार कर्ज में डूबता रहता था लेकिन भाजपा सरकार ने सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद कर देश प्रदेश के सभी किसानों को फसलों का उचित मूल्य दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक व्यक्ति धरातल से जुड़ा हुआ है और आमजन की समस्याओं को समझता है। आज समस्त भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि असंध के लोगों की असंध को जिला बनाए जाने की मांग को वो शीर्ष नेतृत्व तक लेके जाएंगे और असंध के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं होने देंगे।

इस दौरान असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा बहुत ही लोकप्रिय, अनुभवी व्यक्तित्व है। विधायक योगेन्द्र राणा ने समस्त असंध विधानसभा की तरफ से कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि वो सरदार मुख्तयार सिंह संधू, रविंदर सिंह संधू को इस रोड़ उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देते हैं। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि आज देश प्रदेश की बागडोर सुरक्षित और जिम्मेदार हाथों में है इसलिए हम सब विकास की राह पर हैं। विधायक योगेन्द्र राणा ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष समस्त असंध विधानसभा की तरफ से असंध को जिला बनाने की मांग उठाई।

इसके अतिरिक्त विधायक ने कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी और कार्यक्रम आयोजक सरदार रविंदर सिंह संधू और हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार जगदीश सिंह झिंडा ने भी कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, असंध विधायक योगेन्द्र राणा का इस उद्घाटन समारोह में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक योगेन्द्र राणा, नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, जत्थेदार जगदीश सिंह झिंडा, मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, कार्यक्रम आयोजक सरदार मुख्तयार सिंह संधू, रविंद्र सिंह संधू, स० इकबाल सिंह सन्धु, रिछपाल सन्धु, कुलविन्द्र सिंह सन्धु, बलजीत, अमरजीत, कुलबीर, विनय राणा, रामावतार जिंदल, अमरजीत सिंह, राजेंद्र राणा, अमित राणा व अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने 1 करोड़ 6 लाख की लागत से बनी सड़क का किया उद्घाटन

## 'दस साल पहले के और आज के घरौंडा में जमीं-आसमां का अंतर'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को घरौंडा में नई अनाज मंडी से गांव हसनपुर तक बनी संपर्क सड़क का उद्घाटन किया। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनवाई गई 3.44 किमी लंबी इस सडक के निर्माण पर 1 करोड़ छह लाख रुपये खर्च हुए हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर लोगों से कहा कि वे विकास के काम बताते रहें पर उन्हें करने के लिए थोड़ा समय भी दें। हर जायज कार्य को पूरा कराया जाएगा।




विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हलके में तरक्की के बीज बोए जा चुके हैं। दस साल पहले के और आज के घरौंडा में जमीं-आसमां का अंतर है। अगले दस-पंद्रह सालों में तस्वीर इस कदर बदल जाएगी कि बाहर से आने वालों को पहचानना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि विकास कार्यों में कोई रूकावट न आए। वर्ष 2014 से पहले हलके में विकास कार्यों पर हैंडब्रेक लगा हुआ था। बीस-बीस साल तक खस्ताहाल सडकों पर टांकी नहीं लगती थी लेकिन 2014 में प्रदेश में मनोहर लाल के मुख्यमंत्री और केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हालात बदल गए। हलके में अनेक नई परियोजनाओं को मंजूरी मिली।

उन्होंने कहा कि कमी तो किसी में भी निकाली जा सकती है लेकिन समाज का ध्यान अच्छी चीजों की ओर होना चाहिए। तरक्की की कोई सीमा नहीं है। क्षेत्र को और आगे बढ़ाना है। इसके लिए समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव का होना जरूरी है। श्री कल्याण ने कहा कि वे हलके को परिवार मानते हैं। लोगों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा की ओर अवश्य ध्यान दें और उनमें अच्छे संस्कार डालें। विश्वास दिलाया कि हलके के विकास के लिए अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन हप्पी लक गुप्ता ने पिछले दस साल में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दस साल में घरौंडा का नक्शा बदल गया है। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, मंडी बोर्ड के एक्सईएन विजेंद्र सिंह, एसडीओ सुनील, जेई राजन के अलावा कृष्ण कुमार, जयकुवार, बलबीर सिंह, सतनाम, पुरषोतम सेठी, सुखबीर संधू, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

# पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक: डीसी प्रीति

## सोलर सिस्टम लगाकर ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा करने में खुद को बनाये सक्षम

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं । जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा। यानि केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज की हर वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्त्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।



उपायुक्त कैथल प्रीति।

# दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता : डीसी प्रीति

**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए। परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता की स्थिति में घटना की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदन करना होगा। आयु अनुसार बात करें तो छह से 12 वर्ष तक की आयु के लिए एक लाख रुपये, 12 से 18 वर्ष तक की आयु के लिए दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष तक की आयु के लिए तीन लाख रुपये, 25 से 45 वर्ष तक की आयु के लिए 5 लाख रुपये तथा 45 से 60 वर्ष तक की आयु के लिए 3 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जाती है।

**ऐसे करें आवेदन:** डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति की को www.dapsy.finhry.gov.in वैबसाईट पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके बाद पीपीपी आईडी नंबर दर्ज करें और गेट ओटीपी पर क्लिक करें। ओटीपी दर्ज करने के बाद उसे सबमिट करें। इसके बाद परिवार के सदस्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, फिर लाभार्थी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण भरने के बाद फार्म जमा कर सकते हैं।

**एजेंटों से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें:** डीसी प्रीति ने आमजन का आह्वान किया कि ऐसी स्थिति में पात्र व्यक्ति दयालु योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करें। एजेंटों से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-2996024 तथा ईमेल dayaluhelpline@gmail.com पर संपर्क कर सकता है।

# राजौंद में झमा-झम बारिश से गलियों ने लिया नदी का रूप, बच्चों ने की मस्ती



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** रविवार बाद दोपहर राजौंद क्षेत्र में हुई हल्की बारिश ने शहरवासियों को गर्मी से बड़ी राहत दी। लंबे समय से उमस और गर्मी झेल रहे लोगों के लिए यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं थी। बारिश करीब 30 से 40 मिनट तक जारी रही, लेकिन इस दौरान नगर की अधिकतर गलियों और सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। कुछ क्षेत्रों की गलियों ने तो नदी का रूप धारण कर लिया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। लेकिन एक घंटे के बाद अधिकार गलियों का जल उतर गया।

नगर के असंध मार्ग, कैथल मार्ग, पूंडरी मार्ग पर पानी भर गया। जहां राहगीर, दुकानदार, वाहन चालक जलभराव से परेशान दिखे। वहीं बच्चों और युवाओं ने इस मौसम का भरपूर आनंद लिया। छोटे बच्चे बारिश में भीगते हुए खेलते नजर आए और सड़कों पर बहते पानी में दौड़ लगाते दिखे।

हालांकि बारिश थमने के एक घंटे बाद अधिकतर इलाकों से पानी निकल गया, जिससे स्थिति सामान्य हो गई। लेकिन नगर में सिवरेज पाइपलाइन दबाने के काम के चलते उखाड़ी गई गलियों, सड़कों से नागरिक परेशान दिखे। कुछ गलियों में सिवरेज पाइपलाइन दबा दी गई है, लेकिन पीने के पानी की पाईप लाईन नहीं दबाई गई है। नपा राजौंद उन गलियों को पक्का नहीं कर पा रहा है। जिससे नागरिक परेशान है। इस परेशानी का जिम्मेदार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल है। जिस कारण से जल निकासी व्यवस्था नपा राजौंद के लिए परेशानी बन चुकी है। नागरिकों का कहना है जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सिवरेज पाइपलाइन दबाने व पीने के पानी की पाईप लाईन दबाने का कार्य शीघ्रता से पूरा करना चाहिए। ताकि हल्की बारिश में नगर की सड़कों पर पानी का भराव न हो, तेज बारिश में तो हालत और भी खराब हो जाएगा।

फिलहाल, शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। धान की फसल के लिए बारिश वरदान साबित होगी। किसानों ने राहत की सांस जी है। यह बारिश किसानों व आम नागरिकों के लिए सुखद साबित होगी।

# राजौंद में बंदर पकड़ने वाले ठेकेदार व पार्षदों के माध्यम उपजे विवाद पर डीएसपी कलायत ने बुलाया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद में बंदर पकड़ने वाले ठेकेदार और पार्षदों के बीच उपजा विवाद पुलिस थाना राजौंद में हुई पंचायत में समाधान न होने के पश्चात मामला डीएसपी कलायत के कार्यालय में पहुंच चुका है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे की शिकायत पुलिस थाना राजौंद में की हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी कलायत ने ठेकेदार और राजौंद नगर पालिका के पार्षदों को बातचीत के लिए बुलाया है, ताकि आपसी मतभेद को सुलझाया जा सके।

वार्ड नंबर 4 के पार्षद जोनी राणा ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार ने राजौंद वासियों पर बंदर पकड़ने के एवज में पैसे मांगने का झूठा आरोप लगाया है, जो पूरी तरह से निराधार और अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि यह आरोप नगर के नागरिकों की छवि को धूमिल करने वाला है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। पार्षद ने ठेकेदार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।



पार्षद जोनी राणा।

विवाद के चलते नगर में माहौल गरमाया हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों से निजात दिलाना जरूरी है, लेकिन इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं होगा। उम्मीद की जा रही है कि डीएसपी की मध्यस्थता से जल्द ही समाधान निकल सकेगा। पार्षदों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को एक बंदर पकड़ने के जब 1750 रुपए मिलते हैं उसके बाद भी नगर के बंदर खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्हें शक है कि ठेकेदार राजौंद से पकड़े गए बंदरों को यमुनानगर के जंगल में छोड़ने की बजाय नगर के आसपास ही छोड़ रहा है। इसी कारण से राजौद के बंदर खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दिनों जब यह ठेकेदार बंदर पकड़ कर यमुनानगर की ओर जा रहा था तो उसने पार्षद व नागरिक को धमका कर बीच रास्ते से वापस भेज दिया। उनके सामने कोई बंदर यमुनानगर के जंगल में रिलीज नहीं किए गए।

पार्षद ने कहा कि भविष्य में जो भी ठेकेदार राजौंद से बंदर पकड़ेगा उसे नगर पार्षदों या उसके प्रतिनिधि के सामने बंदर जंगल में रिलीज करने होंगे। पार्षद जोनी राणा ने कहा कि यदि ठेकेदार ने उसकी गलत बयान बाजी की माफी नहीं मांगी तो वे मामले को मुख्यमंत्री हरियाणा के दरबार में लेकर के जाएंगे। राजौंद के सभी पार्षद इस मसले पर एकमत हैं। उन्होंने कहा कि राजौंद की जनता व पार्षद उनके ऊपर लगाए गए झूठे आरोपों को सहन नहीं करेंगे।

# बारिश में भी नहीं डगमगाया हौसला, मिल्खा सिंह स्टेडियम में चला स्वच्छता अभियान



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा और नगर निगम करनाल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हांसी रोड स्थित मिल्खा सिंह स्टेडियम में जोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया। बारिश के बावजूद वॉलंटियर्स के हौसले बुलंद रहे और दर्जनों स्वयंसेवकों ने सुबह से ही स्टेडियम को कूड़े-कचरे और झाड़ियों से मुक्त कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान का नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने किया। उन्होंने स्वयं झाडू उठाकर सफाई में भाग लिया और परिसर में पौधारोपण भी किया। स्थानीय लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सुभाष चंद्र ने पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर स्टेडियम में अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड की मांग की, जिसे तुरंत स्वीकार किया गया। साथ ही उन्होंने निगम व हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारियों को पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और खिलाड़ियों को बेहतर माहौल देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में ताले लगे पाए गए, जिन्हें मौके पर ही खुलवाया गया। टॉयलेट्स में खेल सामग्री रखी गई थी और पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी, जिस पर नाराजगी जताते हुए सुभाष चंद्र ने जल्द सुधार के आदेश दिए।

# राजौंद में हल्की बारिश से पैक्स कार्यालय परिसर में भरा जोहड़ का पानी, किसानों को हो रही परेशानी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद का पैक्स कार्यालय वार्ड चार, तालाब के पास स्थित है। रविवार को हुई हल्की बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविकता दर्शा दी है। राजौंद के वार्ड नंबर चार में स्थित पैक्स (सहकारी कृषि सेवा समिति) कार्यालय परिसर में बारिश के बाद जोहड़ का ओवरफ्लो पानी घुस गया, जिससे कार्यालय परिसर जलमग्न दिखाई दिया। विभाग द्वारा पैक्स कार्यालय की चार दिवारी नहीं बनाई गई है। जिस कारण आवारा व बेसहारा पशु भी परिसर में टहलते रहते हैं।

पैक्स कार्यालय से किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री वितरित की जाती है, लेकिन जलभराव के कारण किसानों को यहां पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब के गंदे और बदबूदार पानी के कारण कार्यालय में आने-जाने वाले किसान परेशान हैं, वहीं कर्मचारियों का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।




स्थानीय नागरिकों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जोहड़ के पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति न बने। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इन बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो सकते हैं। इस तालाब के पास ही मंदिर है। तालाब का पानी उसे भी प्रभावित कर रहा है। पेक्स के सामने ही कश्यप चौपाल है। जिसके गेट पर पानी पहुंच चुका है।

नगरवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, हर बार बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन विभाग द्वारा चारदीवारी नहीं बनाई जा रही है व नगर में सिवरेज पाइपलाइन दबाने का कार्य शीघ्रता से पूरा करने की जरूरत है। नागरिकों ने नपा राजौंद से पानी निकासी में सहयोग करने की अपील की है। वार्ड पार्षद जोनी राणा ने कहा कि तालाब का पानी अवर फ्लो होकर वार्ड में परेशानी पैदा कर रहा है। नपा की ओर से पानी निकासी की व्यवस्था करवाई जाएगी।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सोमवार को पम्प लगा कर पानी निकाला जाएगा। तालाब की जमीन के कागजात जांच करवाई जाएंगी। यदि यह नपा राजौंद की प्रोपर्टी हुई तो तालाब की खुदाई करवा कर रिटर्निंग दिवार बनाई जाएगी। यदि यह नागरिकों की नीजि मिल्कियत है तो नपा इस जमीन पर काम नहीं कर सकती।

# प्रयास और समर्पण की भावना ही सफलता की कुंजी है : डॉ अरशिन्दर सिंह चावला

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में साइबर सुरक्षा जागरूकता के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल व ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में हरियाणा सशस्त्र पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक ओ.पी. नरवाल विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने 10 किलोमीटर मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एंटी करप्शन ब्यूरो, पंचकुला के पुलिस अधीक्षक अमित दहिया ने साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता व्याख्यान भी दिया।

इस प्रतियोगिता में करीब 3000 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। आयोजन के संयोजक पुलिस उप-अधीक्षक जय भगवान रहे, जबकि रेफरी की भूमिका में एसआई अनिल कुमार, शीशपाल, एएसआई सुरेन्द्र तथा महिला एएसआई संतोष शामिल रहीं।

डॉ. चावला ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, खेल केवल हार-जीत नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का प्रतीक होते हैं। प्रयास और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी हैं। मैदान पर गिरकर उठना और फिर लक्ष्य की ओर दौड़ना झ यही जीवन का सार है।

उन्होंने इस बात पर विशेष प्रसन्नता जताई कि प्रतियोगिता में महिलाओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं और ये प्रतियोगिताएं उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत बनाती हैं।

